हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने चीनी की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा मासिक कोटा प्रणाली के स्थान पर अगले महीने से पखवाड़े के आधार पर चीनी आवंटन प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत चीनी मिलों को पहले सप्ताह में कम से कम 40 प्रतिशत आवंटन और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।

सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और उचित मूल्यों पर पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में चीनी मिलों से बाहर चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा चीनी की कीमतें भी कम होने लगी हैं। नए सीजन के लिए गन्ने की पेराई 15 अक्तूबर से शुरू होगी और इस दौरान 10 लाख टन से अधिक चीनी के उत्पादन का अनुमान है।

सरकार ने चीनी मिलों को अक्तूबर में उत्पादित चीनी को बिना किसी प्रतिबंध के बेचने की अनुमति दे दी है, ताकि नए सीजन का उत्पादन शीघ्र घरेलू बाजार में उपलब्ध हो सके। नवंबर में चीनी उत्पादन लगभग 45 लाख टन रहने की संभावना है।

---

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की।

मीडिया से बातचीत में डॉ. मांडविया ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से देशभर में 'एक घंटा खेल के मैदान में' कार्यक्रम जारी हैं।

1- मनसुख मांडविया - सेकंड

***मेजर ध्यानचंद जी की जन्म जयंती को हम National Sports Day के रूप में मनाते हैं। आज National Sports Day के अवसर पर सारे देश में Fit India Movement को आगे बढाने के लिए एक घंटे खेल के मैदान में कार्यक्रम दिया है। मुझे खुशी है मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है, देश आगे बढ रहा है। नया भारत का निर्माण हो रहा है। नया भारत के निर्माण में देश के युवा फिट हो, Society स्वस्थ हो तभी समृद्ध राष्ट्र बनेंगे।***

श्री मांडविया ने सभी लोगों से प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक घंटा खेल के मैदान पर बिताने और खुद को स्वस्थ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वस्थ युवा और स्वस्थ समाज जरूरी है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पंजाब के लुधियाना जिले के जगराओं स्थित गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में मत्था टेका और गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में सेवा भी की।मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु घर में सेवा और संगत का विशेष महत्व है। सेवा हमें विनम्रता, मानवता और परोपकार की भावना से जोड़ती है। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की।

---

हरियाणा सरकार ने वर्ष 2024 के लिए 40 और वर्ष 2025 के लिए 38 शिक्षकों का शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन किया है। इनको यह पुरस्कार शिक्षक दिवस पर प्रदान किया जाएगा।

राज्य पुरस्कार पाने वाले प्रत्येक शिक्षक को नगद पुरस्कार के साथ शिक्षकों को आगामी पूरी सेवा अवधि के लिए महंगाई भत्ते सहित दो अग्रिम वेतनवृद्धि का लाभ भी मिलेगा।

जिन शिक्षकों को पुरस्कार के लिए चुना गया है उनमें अंम्बाला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुडा कलां के प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा, फरीदाबाद के प्रधानाचार्य सतेंद्र कुमार और गुरुग्राम के श्याम कुमार शामिल हैं।

---

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक फर्जी वीडियो का खंडन किया है जिसमें भाखड़ा नांगल बांध की दीवार 1 दशमलव सात-सात इंच झुकने का दावा किया गया है। वीडियो में कहा गया है कि बांध में दरार आने से दिल्ली सहित कई शहरों में बाढ़ आ सकती है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने स्पष्ट किया है कि बांध के तनाव, खिंचाव, छिद्र दाब और रिसाव के सभी मापदंड निर्धारित सीमाओं के भीतर हैं और बांध पूरी तरह सुरक्षित है।

---